वैशाख, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 99 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये प्रयागराज, मंगलवार 02 जुलाई, 2024 TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित
Adhunik Samachar
नगर संस्करण
10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

## NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद मे रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


### Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



## प्रदेश आस/पास



# नए यमुना ब्रिज से यमुना नदी में एक युवती ने लगाई छलांग

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।** नए यमुना ब्रिज से यमुना नदी में एक युवती ने लगाई छलांग। बी दल बाढ़ राहत 42 वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बचाते हुए पानी से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में युवती को एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। युवती नैनी इलाके की रहने वाली है। पुलिस के माध्यम से युवती के परिजनों को सूचना दे दी गई है। युवती की पहचान रूबी निषाद पुत्री दशरथ निषाद महेवा एग्रीकल्चर नैनी प्रयागराज की रहने वाली है।



# एक साल से था लापता, गमछे और लोवर से हुई शिनाख्त

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र के पोखरा ग्राम पंचायत के परसाटोला गांव में बांध के किनारे एक साल से गायब रामप्रकाश (35) की खोपड़ी व पैर का कंकाल मिला। पास में गमछे और लोवर से परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। पुलिस कंकाल को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है।सोनभद्र जिले में एक साल से लापता युवक का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई।

# थाना करैली पुलिस द्वारा वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।** थाना करैली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-110/2024 धारा- 147/148/149/286/307/427/504/506/34 भा0द0वि0 व 7 आपराधिक कानून ( संशोधन) अधि0 में प्रकाश में आये 03 अभियुक्त 1. अस्सू उर्फ आस पुत्र जल्लू निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, 2. तौहीद पुत्र रशीद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, 3. मो0 सैफ उर्फ धुन्नू पुत्र जुनैद अहमद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 30.06.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर अंधीपुर नाले से बक्सीमोढ़ा पुल की तरफ जाने वाले रास्ते थाना क्षेत्र करैली से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-** 1. अस्सू उर्फ आस पुत्र जल्लू निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 19 वर्ष। 2. तौहीद पुत्र रशीद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष । 3. मो0 सैफ उर्फ धुन्नू पुत्र जुनैद अहमद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 18 वर्ष । **सम्बन्धित अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0-110/2024 धारा- 147/148/149/286/307/427/504/506/34 भा0द0वि0 व 7 आपराधिक कानून ( संशोधन) अधि0 थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज । **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** 1. उ0नि0 अजय सिंह वर्मा, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. उ0नि0 हरिशंकर मिश्रा, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज । 3. उ0नि0 अशोक यादव, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज । 4. का0 संजीत सिंह, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज । 5. का0 मुकेश कुमार, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज । 6. का0 महेन्द्र कुमार, थाना करैली कमिश्नरेट प्रयागराज ।




# उत्तर प्रदेश के कारागार विभाग में हुए तबादले

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।** वरिष्ठ अधीक्षक अमिता दुबे जिला कारागार प्रयागराज का भार वर्तमान में जिला कारागार सहारनपुर है अमिता दुबे आशीष तिवारी को केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ का पदभार मो. अकरम जिला कारागार ज्ञानपुर बने डॉ विनय कुमार को जिला कारागार जौनपुर की जिम्मेदारी आलोक सिंह जिला कारागार बांदा बने प्रमोद कुमार त्रिपाठी को जिला कारागार फतेहुपर की जिम्मेदारी वीरेश राज शर्मा जिला कारागार मेरठ बने शशिकांत मिश्र को जिला ारागार अम्बेडकरनगर का कार्यभार अंशुमन को जिला कारागार मथुरा की जिम्मेदारी बृजेश कुमार जिला ारागार गौतमबुद्धनगर की जिम्मेदारी अरुण प्रताप सिंह जिला कारागार गाजीपुर का कार्यभार सीताराम को जिला कारागार गाजियाबाद की जिम्मेदारी अभिषेक चौधरी जिला कारागार मुजफ्फरनगर बने ब्रजेन्द्र सिंह जिला कारागार लखनऊ बने सत्यप्रकाश को जिला कारागार सहारनपुर की जिम्मेदारी।



# क्राइम ब्रांच की साइबर सेल टीम द्वारा आर्मी कैण्ट प्रयागराज में साइबर अपराध के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।** श्रीमान पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त नगर तथा अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) व सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे साइबर जागरुकता अभियान व मिशन शक्ति विशेष अभियान के क्रम में क्राइम ब्रांच की साइबर सेल टीम द्वारा दिनांक- 30.06.2024 को प्रयागराज ईंध् 137 एिंइ ॅ़ (ॐ) उें, आर्मी कैण्ट प्रयागराज में साइबर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के माध्यम से डिजिटल हाउस अरेस्ट, आनलाइन ट्रेडिंग, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर होने पर वाले फ्रॉड, ब्लैकमेलिंग के नाम पर पैसे की ठगी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, जिससे साइबर क्राइम से बचा जा सकता है । जागरुक करते हुए यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो उस दशा में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल एवं साइबर वेबसाइट ॅ.म्बैमस.दन्.ग्ह पर शिकायत दर्ज कराएं। साइबर जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करने वाली टीम- 1. उ0नि0 विनोद कुमार, साइबर सेल प्रभारी, कमिश्नरेट प्रयागराज। 2. क0आ0 ग्रेड ए जय प्रकाश सिंह, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज। 3. क0आ0 ग्रेड ए प्रमोद कुमार यादव, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज। 4. का अनमोल सिंह, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज। 5. म0का0 पूजा यादव, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज। 6. म0का0 सुन्दरम जायसवाल, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज।



# पुलिस आयुक्त द्वारा थाना सिविल लाइन्स पर गणमान्य/संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी कर लागू किये गये नये

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।** पुलिस आयुक्त द्वारा थाना सिविल लाइन्स पर गणमान्य/संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी कर लागू किये गये नये आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम) - 2023 के महत्वपूर्ण बदलाव के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया कि 1- पुराने कानून ब्रिटिश राज्य के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए दण्ड पर आधारित थे जबकि नये कानून न्याय पर आधारित हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रिबिम्बित करता है। 2-नये आपराधिक कानूनों का मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिको के अधिकारों की रक्षा करती बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है तथा सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो। 3-नये कानून में नागरिको मौखिक अथवा इलेक्ट्रानिक संचार का उपयोग कर बिना उस क्षेत्र पर विचार किये जहां अपराध किया गया है एफआईआर दर्ज कराने एवं बिना देरी के एफआईआर की एक प्रति निःशुल्क प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता है। 4- टेक्नोलाजी को दृष्टिगत रखते हुए दाण्डिक प्रणाली में आडियो, वीडियो एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य को समाहित किया गया है तथा कानूनी जांच, पूछ-तांछ एवं मुकदमें की कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक रुप से आयोजित करने का प्राविधान है। 5-नये प्राविधानों में पुलिस को 90 दिन के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करनाअनिवार्य है तथा पीड़ित की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना मिलने के 24 घण्टे के भीतर कराये जाने अधिकार प्राप्त करने के प्राविधान है। 6- नये आपराधिक कानूनों में महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों में कठोर दण्ड (आजीवन कारावास या मृत्युदण्ड) का प्राविधान किया गया है तथा चिकित्सकों को बलात्कार से पीड़ित महिला की मेडिकल रिपोर्ट 07 दिनों के भीतर जांच अधिकारी को भेजने एवं पीड़ित महिला का बयान, केवल महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा दर्ज किया जायेगा और उसकी अनुपस्थिति में किसी महिला की उपस्थिति में पुरुष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किये जाने का प्राविधान है।



# लाखों की लूट की घटना की जांच मे लगी पुलिस

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।** थरवई प्रयागराज थरवई में सराफा व्यापारी से लाखों की लूट की घटना की जांच करने पहुंचे गंगापार व एसीपी सोरांव एसपी थरवई पुलिस लूट की घटना को कई ऐंगल से जांच कर रही है बाजार में लगे दुकानो की सीसीटीवी कैमरे पुलिस ने चेक किये।



# सुभान घाट के पास एक अधेड़ व्यक्ति की मिली लाश

(आधुनिक समाचार नेर्टवक)

**प्रयागराज ।**प्रयागराज के थाना करैली क्षेत्र अंतर्गत यमुना नदी किनारे सुभान घाट के पास एक अधेड़ व्यक्ति की मिली लाश सूचना पाकर पहुंची करैली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।














विविध





भारत

## संक्षिप्त समाचार

### जुलाई के पहले दिन जारी हुए नए दाम, चेक करें लेटेस्ट फ्यूल प्राइस

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** जुलाई का महीना शुरू हो गया है। महीने के पहले दिन ही तेल कंपनियों ने फ्यूल प्राइस अपडेट कर दिया है।




नोएडाःपेट्रोल 94.83 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीट गुरुग्रामःपेट्रोल 95.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीट बेंगलुरुःपेट्रोल 102.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.94 रुपये प्रति लीट चंडीगढ़ःपेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीट हैदराबादःपेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीट जयपुरः पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीट पटनाः पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर लखनऊः पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर।

### उत्तर कोरिया ने फिर किया बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच में गरमागर्मी जारी है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी। बता दें कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया, और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। मिसाइल लॉन्च के बारे में ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने जानकारी दी है। उन्होंने इसको लेकर कहा है कि मिसाइलों को दक्षिणपूर्वी उत्तर कोरिया के जांगयोन शहर से उत्तरपूर्वी दिशा में 10 मिनट की दूरी पर लॉन्च किया गया था। उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया ने यह कदम साउथ कोरिया की जापान और अमेरिका सेना के साथ हुई संयुक्त अभ्यास ड्रिल के बाद उठाया है।

## दिल्ली-एनसीआर में होगी झमाझम बारिश, यूपी बिहार समेत 15 राज्यों में अलर्ट जारा

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में मानसून ने दस्तक दे दी है। लोग मॉनसूनी बारिश का आनंद उठा रहे हैं। वहीं कई जगहों पर बारिश ने विकराल रूप ले लिए है। उत्तराखंड में एक दिन की बारिश से हरिद्वार और ऋषिकेश में बाढ़ जैसी हालात हो रखी है भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली के साथ-साथ गुड़गांव नोएडा और गाजियाबाद में भी आज बादल छाए रहेंगे। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में मध्यम से भारी बारिश और गरज के साथ तूफान आने की संभावना है। वहीं दिल्ली के अलावादक्षिण गुजरात समेत 15 से अधिक राज्यों में भी बारिश संभावना है। आइए जानते हैं कि आज कैसा रहेगा देशभर में मौसम का हाल वहीं मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ उत्तराखंड में आज भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली के अलावा, बिहार, सिक्किम, असम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक, केरल और हिमाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी में सोमवार और मंगलवार को बादल छाए रहने और भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। साथ ही विभाग ने यह भी कहा कि दिल्ली और इससे सटे राज्यों के कुछ स्थानों पर भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में रविवार रात तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे भी पड़ सकती है।



## टीम इंडिया को इश् मोदी ने किया फोन, रोहित शर्मा की कप्तानी की सराहना के साथ विराट और सूर्या की तारीफ में कही ये बात

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद पूरा देश खुशी से झूम रहा है। फाइनल में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने काफी कड़े मुकाबले में साउथ अफ्रीका की टीम को मात दी। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को फोन कर बधाई दी है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने काफी कड़े मुकाबले में साउथ अफ्रीका की टीम को मात दी। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को फोन कर बधाई दी है। पीएम ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की।ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। पीएम ने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। पीएम ने इसी के साथ अंतिम ओवर के लिए हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी को सराहा और महत्वपूर्ण कैच के लिए सूर्या कुमार यादव की तारीफ की।



## भारतीय सेना में पहली बार शामिल किए गए स्वदेशी चिप वाले मोबाइल बेस स्टेशन

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में पहली बार स्वदेशी चिप आधारित 4जी मोबाइल बेस स्टेशन शामिल किए गए हैं। जिन्हें सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के जरिये बेंगलुरु स्थित कंपनी सिगन्लट्रान से खरीदा गया है। सेना ने इनकी 20 यूनिट खरीदी हैं।सिगन्लट्रान के संस्थापक हिमांशु खसनीस ने बताया कि सहयाद्रि एलटीई बेस स्टेशनों में इस्तेमाल की गई चिप सिगन्लचिप द्वारा विकसित की गई है। भारतीय सेना ने चिप-आधारित 4जी मोबाइल बेस स्टेशन को सिगन्लट्रॉन कंपनी से खरीदा है। खास बात यह है कि सिगन्लट्रॉन भारतीय कंपनी है। सेना ने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से बेंगलुरु की कंपनी सिगन्लट्रॉन से इस तकनीक को खरीदा है। सेना ने इनकी 20 यूनिट खरीदी हैं। हालांकि भारत में अधिकतर मोबाइल बेस स्टेशन स्वदेश निर्मित नहीं हैं। 2010 में खसनीस और उनकी टीम ने 4जी और 5जी नेटव?र्क्स के लिए चिप बनाने की फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिगन्लचिप की स्थापना की थी। खसनीस ने बताया, ठसिगन्लट्रान ने सिगन्लचिप द्वारा 4जी एवं 5जी नेटव?र्क्स के लिए विकसित भारत की पहली चिप का इस्तेमाल करके पूरी प्रणाली को देश में बनाया है। ऐसा पहली बार है कि जब जटिल संचार प्रौद्योगिकी के लिए भारतीय चिप पर संचालित भारतीय प्रणाली को सेना में शामिल किया गया है। भारतीय चिपों का इस्तेमाल परिचालन के दौरान प्रणाली की सुरक्षा पर उच्चस्तर का नियंत्रण प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि सहयाद्रि नेटवर्क इन ए बाक्स (एनआईबी) प्रणाली ऑडियो, वीडियो एवं डाटा एप्लीकेशंस के लिए उच्च गुणवत्ता वाला सुरक्षित वायरलेस संचार उपलब्ध कराती है। खसनीस ने बताया कि सहयाद्रि एनआईबी स्टैंडअलोन और सेलुलर दोनों मोड में काम करने में सक्षम है और पुराने एनालॉग व आईपी टेलीफोनी प्रणालियों के साथ निर्बाध इंटर-ऑपरेशन में सक्षम है। चूंकि ये हल्की (सात किलोग्राम) और मोबाइल यूनिट्स हैं इसलिए इनकी लोकेशन को जरूरत के अनुसार बदला जा सकता है। बता दें कि भारत में अधिकतर बेस स्टेशन स्वदेश निर्मित नहीं हैं। जो भारत में बने भी हैं, उनमें भी स्वदेशी चिप नहीं हैं।





## भारतीय कानूनों को बता रहे थे इस्लाम विरोधी

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**चेन्नई।** एनआइए ने रविवार को तमिलनाडु के पांच जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एनआइए ने ये कार्रवाई हिज्ब-उत-तहरीर मामले में की है। गिरफ्तार किए गए आरोपित इस्लामिक कंटरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्य हैं। इनका मकसद इस्लामिक राष्ट्र को स्थापित करना है। एनआइए ने भारतीय कानूनों को इस्लाम विरोधी बताने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित इस्लामिक कंटरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्य हैं। इनका मकसद इस्लामिक राष्ट्र को स्थापित करना है। एनआइए के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में हुई है। दोनों तंजावुर जिले के रहने वाले हैं। साथ ही हिज्ब-उत-तहरीर के संस्थापक तकी अल-दीन अल-नभानी की ओर से लिखे गए संविधान को लागू करने के लिए काम करना है। एनआइए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में हुई है। दोनों तंजावुर जिले के रहने वाले हैं। एनआइए की जांच में पता चला है कि वे युवाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं में ढालने, लोकतंत्र और भारतीय संविधान, कानून और न्यायपालिका आदि को इस्लाम विरोधी के रूप में प्रचारित करने के लिए गुप्त सेंटर संचालित करने में शामिल थे। एजेंसी ने छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप, सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड और कई संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए हैं। इसमें हिज्ब-उत-तहरीर, खिलाफा, इस्लामिक स्टेट और प्रस्तावित खिलाफा सरकार और उसकी विचारधारा वाली किताबें और प्रिंटआउट शामिल हैं।



## नौसेना प्रमुख बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर गए दिनेश त्रिपाठी

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की रविवार से पांच दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय सैन्य सहयोग और नए रास्तों की प्रगति पर साथ मिलकर काम करना है। गौरतलब है कि इससे पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत का दौरा किया था। उस दौरान दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक संबंधों में विस्तार पर चर्चा हुई थी। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की रविवार से पांच दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय सैन्य सहयोग और नए रास्तों की प्रगति पर साथ मिलकर काम करना है। इस यात्रा के दौरान वे अपने बांग्लादेशी समकक्ष एडमिरल नजमूल हसन और अन्य सैन्य अधिकारियों के साथ आपसी सैन्य सहयोग पर विस्तार से चर्चा करेंगे। भारतीय नौसेना प्रमुख बनने के बाद एडमिरल त्रिपाठी की यह पहली विदेश यात्रा है। इस यात्रा के दौरान वे अपने बांग्लादेशी समकक्ष एडमिरल नजमूल हसन और अन्य सैन्य अधिकारियों के साथ आपसी सैन्य सहयोग पर विस्तार से चर्चा करेंगे। एडमिरल त्रिपाठी अपनी यात्रा के दौरान चार जुलाई को बांग्लादेश नौसेना अकादमी की पासग आउट परेड में भी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारतीय नौसेना प्रमुख ढाका स्थित बांग्लादेश के नेशनल डिफेंस कालेज में अपना संबोधन देंगे। भारतीय नौसेना द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि नौसेना प्रमुख के इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सैन्य संबंधों की प्रगति को लेकर चर्चा की जाएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है। सेना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि 'सागर' योजना के तहत बांग्लादेश, भारत का भागीदार रहा है। उन्होंने बताया कि 'सागर' योजना के तहत दोनों देश भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। इस दौरार सागर योजना की प्रगति पर भी चर्चा हो सकती है। वहीं, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नौसेना जहाज 'रणवीर' समुद्री अभ्यासों में भाग लेने के लिए 29 जून को बांग्लादेश के चट्टोग्राम में पहुंच गया है।



## भारत संपूर्ण जीव-जंतुओं की लिस्ट बनाने वाला दुनिया का पहला देश बना

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि भारत 1,04,561 प्रजातियों को कवर करते हुए अपने संपूर्ण जीवों की एक चेकलिस्ट तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। उन्होंने जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएसआई) के आयोजित एनिमल टैक्सोनॉमी समिट-2024 के दौरान भारत के जीवों का चेकलिस्ट पोर्टल भी लॉन्च किया। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत 104561 प्रजातियों को कवर करते हुए अपने संपूर्ण जीवों की एक चेकलिस्ट तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है जो जैव विविधता प्रलेखन में खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि भारत के जीवों की चेकलिस्ट पोर्टल भारत से रिपोर्ट की गई जीव प्रजातियों पर पहला व्यापक दस्तावेज है। पर्यावरण मंत्री यादव ने कोलकाता में जेडएसआई के 109वें स्थापना दिवस पर कहा कि भारत जैव विविधता संरक्षण में वैश्विक चैंपियन है। हमारी परंपरा, लोकाचार और मूल्य प्रकृति का सम्मान करते हैं और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, ठभारत 104,561 प्रजातियों को कवर करते हुए अपने संपूर्ण जीवों की एक चेकलिस्ट तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है, जो जैव विविधता प्रलेखन में खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है।ठ उन्होंने कहा कि भारत के जीवों की चेकलिस्ट पोर्टल भारत से रिपोर्ट की गई जीव प्रजातियों पर पहला व्यापक दस्तावेज है। उन्होंने कहा, ठजीवों की सूची वर्गीकरण वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, संरक्षण प्रबंधकों और नीति निर्माताओं के लिए एक अमूल्य संदर्भ होगी। इसमें 36 प्रकार के फाइला को कवर करने वाले सभी ज्ञात टैक्सा वर्गीकरण की 121 चेकलिस्ट शामिल हैं। स्थानीय, संकटग्रस्त व सूचीबद्ध प्रजातियों को भी इसमें शामिल किया गया है।उन्होंने जैव विविधता और प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस जैसी सरकार की पहलों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि एक सफल परियोजना के रूप में चीतों का भारत में स्थानांतरण इसका एक उदाहरण है। शिखर सम्मेलन का समापन तीन जुलाई को होगा।



## देश के 80 फीसदी अस्पतालों में हालात बदतर नर्स-डॉक्टर सहित दवाइयों की भारी कमी

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** देश में दिन ब दिन सरकारी अस्पतालों की हालत खराब होती जा रही है। सरकार की तरफ से अस्पताल को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 80झ् सरकारी अस्पतालों ऐसे हैं, जिनमें बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। देश के 80 फीसदी सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। सरकार की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। अस्पतालों से जानकारी इकट्ठा करने के लिए इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड नाम का एक डिजिटल टूल बनाया था। इस टूल से पता चला कि 40451 अस्पतालों में से केवल 8089 अस्पताल ही ऐसे थे जो घ्झ्ए के मानकों पर खरे उतरे। जिला अस्पतालों, उप-जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर (तत्कालीन उप स्वास्थ्य केंद्रों) सहित दो लाख से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं हैं, जो सरकार की एक प्रमुख योजना एनएचएम के अंतर्गत आती हैं। बता दें कि ग्प्श् के तहत आने वाले 2 लाख से ज्यादा अस्पतालों में से केवल 40,451 अस्पतालों ने ही सरकार को अपनी जानकारी दी है। जब साझा किए गए डाटा के आधार पर स्कोरिंग की गई,तब 40,451 अस्पतालों में से केवल 8,089 अस्पताल ही ऐसे थे जो घ्झ्ए के मानकों पर खरे उतरे।



## बजट से पहले ही आम जनता को राहत कम हुए कमर्शियल सिलेंडर के दाम

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** जुलाई का महीना शुरू हो गया है। महीने के पहले दिन ही ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम अपडेट कर दिये हैं।हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां सुबह 6 बजे एलपीजी सिलेंडर के प्राइस को अपडेट करती है। आज भी एलपीजी की नई कीमतें जारी हो गई है। जुलाई में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमशिन्यल सिलेंडर के दाम में कटौती का एलान किया है। आइए जावते हैं कि आपके शहर में कमशिन्यल सिलेंडर कितने रुपये सस्ता हुआ है। तेल कंपनियों ने कमशिन्यल सिलेंडर के दाम में 30 रुपये की कटौती की गई है। यह लगातार तीसरा महीने है जब कमशिन्यल सिलेंडर की कीमतों में नरमी आई है। राजधानी दिल्ली में कमशिन्यल सिलेंडर की कीमत 1676 रुपये था। आज से इनकी कीमत 1646 रुपये हो गई। कोलकता में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1756 रुपये हो गई है। मुंबई में कमशिन्यल सिलेंडर की कीमत 1598 रुपये है। चेनन्ई में कमशिन्यल सिलेंडर की कीमत आज से 1840.50 रुपये थी। आज से इनकी कीमत 1809.50 रुपये है। तेल कंपनियों ने घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। देश भर में घरेलू सिलेंडर के दाम 803 रुपये ही हैं।




## आवश्यक सुचना

**मै सेना संख्या 10505631M रैक HAV बलबीस सिंह यूनिट 151 inf Bn TA मेरें पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम Balveer Singh दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम Balbeer Singh है।**

## हिज्ब-उत-तहरीर मामले में एक्शन में एनआईए तमिलनाडु में 10 ठिकानों पर छापामारा

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**चेन्नई।** हिज्ब-उत-तहरीर मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) एक्शन मोड में आ गई है। मामले में एजेंसी ने तमिलनाडु में 10 स्थानों पर छापामारी की है। इसमें इरोड जिले के दो स्थान शामिल हैं। हिज्ब-उत-तहरीर मामले में एनआईए ने तमिलनाडु में 10 स्थानों पर छापामारी की है। इसमें इरोड जिले के दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने 2021 में मदुरै हिज्ब-उत-तहरीर मामले में तमिलनाडु में विभिनन्न स्थानों पर तलाशी के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। ये व्यक्ति विभिनन्न धर्मों के बीच सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने का काम करता था। छापेमारी अभी भी जारी है। बता दें कि एनआईए ने 2021 में मदुरै हिज्ब-उत-तहरीर मामले में तमिलनाडु में विभिनन्न स्थानों पर तलाशी के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।यह मामला शुरू में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13 (1) (बी) के तहत तमिलनाडु के मदुरै शहर के थिदीर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। मामले में मोहम्मद इकबाल ने अपने फेसबुक अकाउंट 'थुंगा विझिगल रेंडू इज इन काजीमार स्ट्रीट' का इस्तेमाल ऐसे पोस्ट अपलोड करने के लिए किया था, जो एक विशेष समुदाय को बदनाम करते थे। ये अकाउंट हानिकारक तरीके से विभिनन्न धर्मों के बीच सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देते थे।




## 50 प्रतिशत से अधिक कोटे के लिए संसद पारित करे कानून


**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए, ताकि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक हो सके। विपक्षी पार्टी की ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब एक दिन पहले जद(यू) ने बिहार में आरक्षण की सीमा को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। केंद्र सरकार के सहयोगी घटक जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को बैठक हुई। जदयू ने भाजपा से राज्य के कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का अनुरोध किया ताकि उसकी न्यायिक समीक्षा की संभावना खारिज की जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी पार्टी कहती रही है कि एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से जुड़े राज्य के सभी कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। पार्टी ने उच्च न्यायालय के हालिया फैसले पर चिंता जताई। इसमें बिहार सरकार के अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दी गई। बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसमें जदयू ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का अनुरोध किया, ताकि उसकी न्यायिक समीक्षा की संभावना खारिज की जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी पार्टी कहती रही है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से जुड़े राज्य के सभी कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है कि जद(यू) ने शनिवार को पटना में यही मांग उठाई है। लेकिन उसकी सहयोगी भाजपा राज्य और केंद्र दोनों जगह इस मामले पर पूरी तरह चुप है।



**मिर्ज़ापुर** **सोनभद्र**







# माँ बाप का सर से साया उठने के बाद नाबालिकों के सर पर टुटा पहाड़

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**चोपन।** थाना चोपन अंतर्गत बैरियर निवासी छोटा सा चाय की दुकान चलाने वाले ओम प्रकाश मोदनवाल



जिनकी मृत्यु 30.06.2023 व उनके पत्नी माया देवी की मृत्यु 16.11.2023 को ग़रीबी के आभाव में बीमारी का सही तरीके से उपचार नहीं करा पाये जिस कारण दोनों लोगों का मृत्यु हो गया जिसके बाद 2 पुत्र व एक पुत्री बड़ा बड़ा पुत्र 16 वर्ष,छोटा पुत्र 15 वर्ष, पुत्री 23 वर्ष के सर से माँ बाप का साया उठ गया माने जैसे इन बच्चों के सर पर पहाड़ टूट गया हो पढ़ने का भी मन था बच्चों का प्रवेश होने के बाद भी अगर विद्यालय जायेंगे तो घर का खर्च कैसे चलेगा सोचने लगे इतना सब कुछ होने के बाद भी कोई भी मदद करने आगे नहीं आया दर बदर ठोकर खा रहें हैं घर का खर्च कैसे चले जिसको लेकर भाई बहन काफी परेशान रहने लगे जिसके बाद आपस में विचार बनाया छोटा भाई घर पर चाय की दुकान खोल लिया बड़ा भाई पास में मजदूरी करने लगा अभी ठीक से वयस्क भी नहीं हुए लेकिन जिम्मेदारियों के अहसास ने उन्हें अभिभावक बना दिया है।बड़ी बहन घर के अंदर का काम काज भाईयों का जिम्मेदारी एक माँ और पिता बन कर निभाने लगी।भाई बहन अब जीवन की कठिन और क्रूर सच्चाइयों से लड़ रहे हैं और इस कठोर संघर्ष में एक दूसरे का सहारा बने हुए हैं। बीते कुछ दिन पूर्व विद्युत विभाग द्वारा बिजली का बिल प्राप्त हुवा की आपका बिल 216438 रूपये कनेक्शन संख्या (0677379274)कई वर्ष से बकाया हैं इसको तत्काल जमा करवाये नहीं आपका बिजली कट जायेगा। एक तरह पूरा दिन मेहनत करने के बाद जो पैसा घर में 100-200 आ रहा है उससे ख़र्च चला पाना मुश्किल हैं दूसरी तरफ विद्युत विभाग का बिल आने के बाद काफ़ी परेशानी बढ़ गया है। इस पुरे मामले की जानकारी लेकर राकेश केशरी सामाजिक कार्यकर्त्ता राकेश केशरी ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी, जिलाधिकारी महोदय को पत्र लिख कर यह मांग किया की सरकार द्वारा माँ बाप के न रहने की स्थिति में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना का लाभ इन नाबालिक बच्चों को दिया जाये जिससे की अपनी शिक्षा ग्रहण करते हुये अपना जीविका बिना मजदूरी किये चला सके,विद्युत विभाग द्वारा आये हुये 216438 रूपये के बिजली बिल को ये नाबालिक बच्चें जमा करने में सक्षम नहीं हैं इनकी बिजली बिल माफ किया जाये,जिला पूर्ति विभाग द्वारा इनका अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया जाये,अनाथ नाबालिक बच्चों के शिक्षण का खर्च सरकार उठाये।

# निर्वाचन व्यय संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक).**
**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मीरजापुर द्वारा पूर्व निर्धारित तिथि पर आज दिनांक



30 जून 2024 को जिला पंचायत सभागार में अभ्यर्थियों/ उनके प्रतिनिधियों के साथ लेखा समाधान बैठक व्यय प्रेक्षक संकेत काले (मोबाइल नंबर 8423150793) की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 10 अभ्यर्थियों में से (9)अभ्यर्थियों/ प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया । बैठक में अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय संबंधी शंकाओं का समाधान किया गया एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया बैठक में सोशल मीडिया पर किए गए प्रचार प्रसार पर किए गए खर्च, मतदान दिवस के दिन बने पर्चियों के वितरण हेतु बुथ पर हुए खर्च, सभी अनुसूचियां पूर्ण करना एवं शपथ पत्र तैयार करना आदि पर आवश्यक निर्देश दिए गए । बैठक में प्रभारी व्यय अनुवीक्षण मुख्य कोषाधिकारीअर्चना त्रिपाठी, अमित कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, अशोक कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत तथा समस्त लेखा टीम एवं समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक उपस्थित रहे ।

# पत्रकारों से सूत्र पूछने का पुलिस को कोई अधिकार नहीं- सुप्रीम कोर्ट


**(आधुनिक समाचार नेर्टवक).**
**मीरजापुर।** सूत्रों के हवाले से खबर लिखने वाले पत्रकारों के लिए अच्छी खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से पुलिस विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों पर जमकर निशाना साधा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ की बेंच ने पुलिस को भारतीय संविधान के आर्टिकल 19 और 22 की याद दिलाई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि, 'पत्रकारों के मौलिक अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस किसी भी पत्रकार से उनकी खबरों के लिए सूत्र नहीं पूछ सकती है। यहां तक की कोर्ट भी उन्हें ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता।'चीफ जस्टिस ने कहा कि, 'आजकल ये देखने को मिल रहा है कि बिना किसी ठोस सबूत और बिना जांच के पत्रकारों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर लिए जाते हैं। श्रेष्ठ बनने के चक्कर में पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता का हनन कर रही है।आपको बता दें कि सूत्रों के हवाले से चलने वाली खबरों के कई मामले कोर्ट में जा चुके हैं। कोर्ट ने पत्रकारों से खबरों के सूत्र बताने का आदेश भी दे चुके हैं लेकिन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के इस फैसले के बाद मीडिया जगत में उत्साह है जानकारी के लिए बता दें कि हमारे देश में किसी विशेष कानून के जरिए पत्रकारों को अधिकार हासिल नहीं हैं। पत्रकारों के लिए अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार बाकी नागरिकों की तरह संविधान के अनुच्छेद 19 (1) () के अंतर्गत ही मिले हुए हैं पत्रकारों को अपने सूत्र को गोपनीय रखने का अधिकार प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया एक्ट 1978 के तहत मिला हुआ है। इसमें 15 (2) सेक्शन में साफ तौर पर लिखा हुआ है कि किसी भी पत्रकार को खबरों के सूत्र की जानकारी के लिए कोई बाध्य नहीं कर सकता लेकिन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के नियम कानून कोर्ट में लागू नहीं होते हैं। इसके आधार पर कोर्ट में किसी तरह की छूट की मांग नहीं की जा सकती है।

# ड्रग लाइसेंस और स्टोर कोड मिला पर नहीं शुरू हो सका जन औषधि केंद्र

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**सोनभद्र।** जिले में संचालित 11 साधन सहकारी समितियां (बी-पैक्स) पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाने हैं। इसके लिए सहकारिता विभाग की तरफ से करीब एक साल से कवायद चल रही है। पांच साधन सहकारी समितियों को ड्रग लाइसेंस भी जारी हो गया है। इसमें से विंढमगंज समिति को स्टोर कोड भी मिल गया है, बावजूद जन औषधि केंद्र का संचालन शुरू नहीं हो सका है। कहीं बी-फार्मा की अनुपस्थिति के कारण तो कहीं लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से काम अटका पड़ा है। इससे समितियों पर सस्ती दवा मिलने की लोगों की आस पूरी नहीं हो पा रही है।सहकारिता विभाग के अधिकारियों के अनुसार 10 ब्लॉक वाले जनपद सोनभद्र में कुल 72 साधन सहकारी समितियां हैं। इसमें से शाहगंज, ससनई और कोरट में संचालित समितियां लंबे समय से निष्क्रिय हैं। अन्य 69 समितियों पर व्यवसाय हो रहा है। इन समितियों में भी 62 समितियां ऐसी हैं जो हमेशा फायदे में रही हैं। शासन के निर्देश पर इसमें से 11 साधन सहकारी समितियों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है। ताकि समितियों से जुड़े किसानों के साथ ही क्षेत्र के लोगों को सस्ते दर पर जेनेरिक दवा उपलब्ध कराई जा सके।

# विधान परिषद में उठा मुद्दा पर नहीं चालू हो सका घोरावल बस स्टैंड

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**घोरावल।** तहसील मुख्यालय पर सरकारी बसों के ठहराव के लिए बना रोडवेज बस स्टेशन आठ साल बाद भी संचालित नहीं हो सका है। इसके संचालन के लिए पिछले साल सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने सदन में सवाल उठाया था।इस पर परिवहन मंत्री का आश्वासन भी मिला, मगर एक मार्ग का काम बाकी रह गया। इसके लिए प्रक्रिया शुरू की गई, मगर इसी दौरान सत्ता परिवर्तन के बाद जनहित की यह महत्वपूर्ण परियोजना अधर में है। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने जोर शोर से इस मुद्दे को विधान परिषद में उठाया। उस समय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ज़वाब में बताया कि रोडवेज बस स्टेशन को मुख्य



साल बाद भी स्थिति जस की तस है। बस स्टैंड पर रोडवेज बसों के न रुकने से सड़क पर ही सवारियां उतारी और बस में बैठाई जाती हैं।घोरावल तहसील मुख्यालय पर नगर से सटे खुटहां गांव में सरकारी बसों के ठहराव के लिए वर्ष 2015 में तत्कालीन विधायक इं. रमेशचंद्र दुबे के प्रयासों से रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति मिली थी। करीब एक वर्ष में रोडवेज स्टेशन की बाउंड्रीवाल, पूछताछ कक्ष, बुकिंग कार्यालय, शौचालय, मूत्रालय का निर्माण हो गया। स्टेशन के लिए स्टाफ की नियुक्ति, बिजली वायरिंग, संपर्क मार्ग से जोड़ने वाला 800 मीटर लंबा मार्ग संकरा है। उन्होंने आश्वासन दिया था कि सड़क का चौड़ीकरण कर वहां से बसों को संचालित किया जाएगा। करीब एक वर्ष बीतने के बावजूद अभी तक इस संबंध में संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्यवाही शुरू ना होने से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।सोनभद्र डिपो के एआरएम विश्राम का कहना है कि बस स्टेशन मुख्य मार्ग से दूर है। इसके संचालन को लेकर शासन के निर्देश का इंतजार है। वहां से मिले मार्गदर्शन पर आगे की व्यवस्था की जाएगी।

# विशेष संचारी रोग अभियान जुलाई 2024 के प्रगति समीक्षा हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक).**
**मीरजापुर।**विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत दिमागी बुखार व अन्य रोगो पर प्रभावी नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाहियो के प्रगति की जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियत्रण तथा इनका त्वरित व सही उपचार के लिये इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है जो सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं। उन्होने कहा कि इसके पर्वू माह अप्रैल में भी इस अभियान का आयोजन किया जा चुका हैं। एक जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक से द्वितीय चरण की गतिविधियों का आयोजन किया गया हैं। सभी अर्न्तविभागीय अधिकारी दिये गये निर्देश के अनुसार अपने कार्यो एवं दायित्वों का निर्धारण जारी समय सारणी के अनुसार सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि सभी नगर पालिकाओं तथा ग्राम पंचायतो में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव तथा बीमारियों से बचाव के लिये ग्रामीण अंचलो में विशेष जन जागररूकता अभियान संचालित किया जाए इसके लिये आगंनबाड़ी कार्यकत्री व ए0एन0एम0/आशा घर-घर भ्रमण अभियान तेज कर लोगो में जागरूकता लाए। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला



विद्यालय निरीक्षक को भी निर्देशित करते हुये कहा कि वे बच्चों के माध्यम से जानकारी देते हुये अभिभावको जागरूक करें। उन्होने कहा कि मच्छो से बचाव के लिये घरो तथा उसके आस पास पानी रूकने दे तथा प्रथम दृष्टया बुखार आदि आने पर तत्काल राहत के लिये क्या घरेलू उपचार है इसकी जानकारी दी जाए तत्पश्चात नजदीकी अस्पताल में चिकित्सक की सलाह अवश्य ली जाए। संचारी रोग अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे मिठाई, सड़े गले फल, खुले में बिक्री कर रहे खाद्य पदार्थो आदि की सघन जांच अभियान सुनिश्चित करे तथा लोगो को यह अवगत कराए कि खाद्य पदार्थो को खुले मे न रखकर ढककर अवश्य रखा जाए। उन्होने खाद्य पदार्थो के साथ गन्ने का जूस सहित अन्य प्रकार के जूस आदि का भी सैम्पल लेकर जांच करें। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार रोगियो, क्षय रोग के लक्ष्य वाले व्यक्तियो तथा कुपोषित बच्चों की जानकारियां एकत्र करते हुये नियमानुसार कार्यवाही करें। इसी प्रकार जिला मलेरिया अधिकारी 11 जुलाई से संचालित होने वाले दस्तक अभियान की सभी तैयारियां करते हुये घर-घर भ्रमण कर आशा व आंगनबाड़ी कार्यत्रियों द्वारा प्रत्येक घर के सदस्य की आई0डी0 बनाने का कार्य निष्ठा पूर्वक किया जाए। डायरिया रोग के लक्ष्य युक्त व्यक्तियों को ओ0आर0एस0 घोल व क्लोरीन की गोलियां वितरण कर समय-समय पर खाने के लिये भी जागृत करें। पंचायती राज विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि हाई रिस्क वाले क्षेत्रो को गम्भीरता से लेते हुये साफ सफाई अभियान, एन्टी लार्वा का छिड़काव, फागिंग का छिड़काव कार्य नियमित रूप से की जाए। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर विकास खण्डो में भी सफाई व अन्य कार्य सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने सभी एम0ओ0आई0सी0 को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रो में प्रत्येक गतिविधियों का स्वंय संज्ञान लेते हुये रोस्टर के अनुसार कार्य कराए। उन्होने राजगढ़, हलिया, गुरूसण्डी, पहाड़ी के एम0ओ0आई0सी0 क्षेत्र में कई मदो में अपेक्षित प्रगति न आने पर कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि यदि इस बार पुनः कमिया पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर, कछंवा, अहरौरा व चुनार के अलावा सभी सम्बान्धित अधिकारी एम0ओ0आई0सी0 व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें।

# अब नए कानून में दर्ज होंगे मुकदमे, तय समय में होगी कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**सोनभद्र।** एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानूनों में काफी बदलाव किए गए हैं। अब एफआईआर लिखवाने के लिए थाने पर नहीं जाना होगा। ऑनलाइन माध्यम से भी एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। थाने से लेकर



कोर्ट के चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिलेगी।नए कानून के तहत न्याय प्रक्रिया से जुड़े सभी संस्थानों के लिए समयबद्ध कार्यवाही और न होने पर जवाबदेही भी तय होगी। इसके तहत 35 आपराधिक धाराओं में कार्यवाही के लिए समय सीमा भी तय कर दी गई है, ताकि तारीख पर तारीख वाली व्यवस्था को खत्म किया जा सके। पहले से दर्ज मामलों में सुनवाई पुराने कानून के तहत ही होगी। आईपीसी और सीआरपीसी की जगह एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। अब सभी तरह के मुकदमे इसी के तहत दर्ज होंगे। इसी के तहत सुनवाई चलेगी और सजा भी सुनाई जाएगी। रविवार को इसे लेकर पुलिस लाइन सभागार में पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी नीरज कुमार सिंह, दिनेश कुमार अग्रहरी व लोक अभियोजन अधिकारी वीरेंद्र नाथ ने सभी थानों से पुलिस कर्मियों को नए प्रावधानों के बारे में बताया। एएसपी कालू सिंह ने नई प्रक्रिया को समझकर उसके अनुसार कामकाज करने के लिए प्रेरित किया।यह होगा नए कानून में खास नए आपराधिक कानून के तहत तीन वर्ष के अंदर न्याय दिलाने की व्यवस्था की गई है। कोर्ट में पहली सुनवाई के 60 दिनों के अंदर आरोप तय करना होगा। वहीं आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला भी सुनाना होगा। यौन उत्पीड़न के मामले में जांच सात दिन में पूरी करनी होगी।

# समस्याओं का समाधान जागरुक संगठन से ही सम्भव

## अवंतिका विकास समिति के समाजसेवियों की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नैनी, प्रयागराज।** अवंतिका विकास समिति नैनी के तत्वावधान में ए ब्लॉक के सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व निश्चित कार्यक्रमानुसार रविवार को गंगा प्रसाद ठाकुर के संयोजकत्व में रामलीला पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विनोद शंकर तिवारी तथा संचालन बद्री प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में उपस्थित सभी सहभागियों का धन्यवाद करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वैसे तो कुछ न कुछ समस्याएं तो हर क्षेत्र मे होती है परन्तु जहां जागरूक नागरिक एवं मजबूत संगठित समूह होता है वहां से समस्याएं स्वत दूर भागती हैं। इसलिए अपनी ताकत को पहचान कर संगठित रहने की जरूरत है।बैठक में सर्वश्री डीके सिंह, सुनील श्रीवास्तव, मीना जायसवाल, संजीव गुप्ता, आशुतोष मिश्र, आरके पाण्डेय, विकास दुबे, आलोक सिंह, सत्यम शुक्ल, दयाराम विश्वकर्मा, अशोक प्रताप सिंह, विनोद कुमार, जगदीश श्रीवास्तव, कौशल कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, विजयानन्द शुक्ल, हरिश्चन्द्र मिश्र, के पी राय, बृजेश कुमार यादव, गंगा सागर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# तीन दिन उमड़ने- घुमड़ने के बाद झूमकर बरसे बादल

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**सोनभद्र।** जिले में तीन दिन से आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे काले बदरा रविवार को झूमकर



बरसे। सुबह हुई अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी। वहीं बारिश ने नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सड़क पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हुई। वहीं किसान खेती बारी में जुट गए हैं। बारिश से तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट भी दर्ज की गई। इससे उमस से लोगों को काफी राहत मिली।रविवार की सुबह और दोपहर में जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के साथ अलग-अलग इलाकों में हुई अच्छी बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली। बारिश से नगर क्षेत्र स्थित मंडी समिति के सामने सड़क पर जलभराव हो गया। इससे आवागमन में लोगों को काफी दिक्कत हुई। वहीं ग्रामीण इलाकों में बारिश के बाद किसान धान की नर्सरी डालने में जुट गए हैं। बारिश की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र चुर्क के प्रेक्षक रविवार को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को न्यूनतम पारा 27 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।


# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पर्यावरणीय समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक).**
**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चि किया जाए कि सभी तहसीलो, विद्यालयों व विकास खण्डो पर फलदार पौधरोपण कराया जाए। उन्होने कहा कि पौधरोपण हेतु गड्ढो की खुदाई पहले से करा लिया जाए। उन्होने कहा कि नटवा से अष्टभुजा सड़क के किनारे दोनो तरफ अच्छे ट्री गार्ड का पौधरोपण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नोडल अधिकारी व मा0 मंत्रीगण के पौधरोपण स्थल का चिन्हाकंन कर ले तथा उन स्थलो उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाए कराना सुनिश्चित कराए। उन्होने कहा प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि अष्टभुजा गेस्ट हाउस पास खाली जमीनो पर पत्थर की बाउंड्री बनाते हुये पौधरोपण कराया जाए। खण्ड विकास अधिकारी मझवां को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गंगा किनारे खाली जमीनो को चिन्हित करते हुये फिनिशिंग कराते हुये गंगा दर्शन पार्क व हरे चारे के उपयुक्त बनाया जाए। गंगा



दर्शन में पौधरोपण कराया जाए। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लेखपालों गंगा ग्रामो की लेकर गंगा ग्रामो में पौधरोपण कराया जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि वर्ष 2024-25 में 35 करोड़ वृक्षारोपण के तहत जनपद मीरजापुर में वन विभाग को आवंटित लक्ष्य 4490600 पौध एवं अन्य विभाग को आवंटित लक्ष्य 4343861 है। जिसमें अन्य संगठनों/संस्थाओं एवं पर्यावरण प्रेमीयों द्वारा रोपण के लिये अपनी रूची दिखाते हुये उत्साह प्रकट किया गया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक द्वारा अन्य विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि रोपण हेतु पौधों का मांग पत्र अतिशीघ्र मीरजापुर वन प्रभाग में स्थापित कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करा दिया जाये ताकि मांग के अनुसार इण्डेन्ट ससमय जारी किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित समस्त विभाग के अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष मांग पत्र तत्काल उपलब्ध करा दिये जाये ताकि प्रभागीय वनाधिकारी/ संयोजक द्वारा इण्डेन्ट ससमय जारी किया जा सके। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक अरविन्द राज मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स







साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्नेह राणा ने 8 विकेट लेकर रचा इतिहास

## आईपीएल से रिटायरमेंट लेने के बाद दिनेश कार्तिक बने आरसीबी के बैटिंग कोच और मेंटर, फ्रेंचाइजी ने किया बड़ा एलान

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बैटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने अपनी टीम का बैटिंग कोच और मेंटर के लिए नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर की। भारतीय टीम के विकेटकीपर बैटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने अपनी टीम का बैटिंग कोच और मेंटर के लिए नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर की। दिनेश कार्तिक ने पिछले सीजन में आईपीएल से संन्यास ले लिया था लेकिन अब कार्तिक नई भूमिका में नजर आएंगे। दिनेश कार्तिक ने पिछले सीजन में आईपीएल से संन्यास ले लिया था, लेकिन अब कार्तिक नई भूमिका में नजर आएंगे। कार्तिक आरसीबी के साथ-साथ आईपीएल में और भी टीमों के लिए खेल चुके हैं। दरअसल आरसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर कर एक बड़ी जानकार दी। आरसीबी ने बताया कि दिनेश कार्तिक को उन्होंने टीम के मेंटर और बैटिंग कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरसीबी ने लिखा कि कार्तिक आरसीबी में नए अवतार के साथ वापसी कर रहे हैं। दिनेश कार्तिक आरसीबी मेंस टीम के बैटिंग कोच और मेंटर होंगे। आप किसी को क्रिकेट से बाहर कर सकते हैं, लेकिन उसके अंदर से क्रिकेट को बाहर नहीं कर सकती है।



## 5 भारतीय खिलाड़ी ही हैं, जिनके सिर सजा है आईसीसी की तीनों ट्रॉफी जीतने का सेहरा, विराट कोहली की हुई लेटेस्ट एंट्री

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने शनिवार को 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत?म किया। बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराकर टी20 वर्ल?ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले टीम इंडिया ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। मैन इन ब्लू ने सबसे पहले 1983 में वनडे विश्व कप जीता था। इसके बाद टीम ने 2011 में वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी उठाई। अब तक 5 ही भारतीय खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने 3 आईसीसी व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट जीते हैं। विराट कोहली की हाल ही में इस क्लब में एंट्री हुई हैटी20 वल्ड कप 2024 जीतने बाद भारतीय टीम की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सभी खिलाड़ी अपने-अपने तरीके से जीत का जश्न मना रहे हैं। फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का एलान कर दिया था। अब विराट कोहली की एक खास क्लब में भी एंट्री हो गई है। चैंपियंस ट्रॉफी 2002 की भारतीय टीम और श्रीलंका टीम संयुक्त रूप से विजेता थी। युवराज सिंह इस टूर्नामेंट का हिस्सा थे। उन्होंने दो पारियों में 65 रन बनाए थे। टी20 विश्व कप 2007 की छह पारियों में युवराज ने 194.73 की स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 70 रन की तूफानी पारी खेली थी। वनडे विश्व कप 2011 में युवराज सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने 362 रन बनाए थे और 15 विकेट भी लिए थे। चैंपियंस ट्रॉफी 2002 में वीरेंद्र सहवाग सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 5 पारियों में 90 की औसत से 271 रन बनाए थे। टी20 विश्व कप 2007 में उन्होंने 5 पारियों में 133 रन बनाए थे।



## साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्नेह राणा ने 8 विकेट लेकर रचा इतिहास

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच एकमात्र टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने पहली पारी 603 रन बनाकर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की पहली पारी 266 रन पर सिमट गई। साउथ अफ्रीका की पहली पारी को समेटने में भारत की स्नेह राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की स्टार स्पिनर स्नेह राणा ने महिला टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। वह दुनिया की तीसरी क्रिकेटर बनीं जिन्होंने टेस्ट मैच की एक पारी में 8 विकेट लिए। साथ भारत की पहली गेंदबाज बनीं। स्नेह राणा ने 25.3 ओवर में 77 रन खर्च कर किफायती गेंदबाजी की। साउथ अफ्रीका की पहली पारी 266 रन पर सिमट गई। भारत ने फॉलोऑन खेलने के लिए दिया है। स्नेह राणा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। स्नेह राणा ने 25.3 ओवर में 77 रन खर्च करते हुए 8 विकेट हासिल की। इस दमदार प्रदर्शन के दम पर स्नेह राणा ने अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। वह दुनिया की तीसरी ऐसी गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक पारी में 8 विकेट लेने का कारनाम किया है। भारतीय बल्लेबाजों के बाद भारतीय गेंदबाजों ने साउथ अफ्रीका को परेशान किया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने चार विकेट खोकर 236 रन बना लिए थे। तीसरे दिन के पहले सत्र में स्नेह राणा की स्पिन का जादू चला और पूरी साउथ अफ्रीका की टीम 266 रन बनाकर सिमट गई।




100 Years of Glorious service in Dairy education

ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2024-25

WARNER COLLEGE OF DAIRY TECHNOLOGY

Sam Higginbottom University of Agriculture, Technology and Sciences (SHUATS), Prayagraj (Allahabad), U.P.- 211007 (India)

OBJECTIVES
- To create Dairy and Food Technologist to address technical and management problems of Dairy and Food industry.
- To develop technical abilities and interpersonal skills.
- To develop entrepreneurship knowledge and skills in establishing and managing Dairy and Food industries.

DEPARTMENTS
- Dairy Technology
- Dairy Engineering
- Dairy Chemistry
- Dairy Microbiology
- Dairy Trade & Business Management

| | PROGRAMMES | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma | IDD (Dairy Technology) | 2 Years |
| | Dairy Food Safety and Quality | 1 Year |
| | Dairy Food Analysis and Quality Management | |
| UG | B. Tech. Dairy Technology | 4 Years |
| | B.Sc. (Hons.) Food Technology | |
| PG | M.Tech./ M.Sc (Dairy Technology) | 2 Years |
| | M.Tech. (Dairy Engg) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Chemistry) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Microbiology) | |
| | M.Sc. (Food Science and Technology) | |
| | M.Sc. (Dairy Economics/Dairy Extension) | |
| | M.B.A. (Dairy Business Management) | |


Elite Features
- State-of-the-art classrooms with LCD projectors.
- Around 500 books in college library.
- Industrial Training and Experiential Learning Module.
- High Tech Research Labs.
- Student Dairy plant for hands on training
- Wi-Fi facility available in college premises.
- Separate hostel facility for boys and girls.

STUDENTS PLACEMENT

National Dairy and Food Plant
- Amul Dairy
- Mother Dairy
- Lactalis
- Nestle S.A.
- Hatsun Agro Product
- Perfetti van Melle
- Heritage Foods Limited
- Gyan Dairy
- Namaste India
- Parag Dairy
- Paras Dairy
- Sudha Dairy

International Dairy and Food Plant
- International Foodstuffs Co. (IFFCO), Dubai
- Al-Ain (Dubai)
- Al-Rawabi (Dubai)
- National Food Plant, UAE

Government and Public Sector
- Dairy Development Officer
- FSSAI, AGMARK, BIS, BIS
- Banking sector







Some Distinguished Alumni
- Harshev Singh, CEO, Reliance Dairy Foods Ltd.
- S.P. Verma, Vice President, Bhole Baba Milk Food Industries, Rajasthan
- M.K. Shukla, DDO, Govt of U.P.
- G.P. Tiwari, GM, CP Milk Foods Ltd, Lucknow
- M.N. Dwivedi, MD, Sudha Dairy, Samastipur
- S.M. Ghouse, Former Head, Plant operations, Al-Rawabi Dairy, UAE
- Shailendra Kumar, Dy. Manager (HR), Mother Dairy, Delhi
- T.V. Rao, Former Dairy Advisor, USA

Contact
Dr. Sandeep G.M. Prasad
Offg. Dean, Warner College of Dairy Technology, SHUATS, Prayagraj, UP- 211007 (India)
Email: sdean_dairy@shiats.edu.in, Mob No: +919415630377

# सम्पादकीय

## धैर्य और आत्मविश्वास ने अनिश्चितता को निश्चितता में बदला

इस पूरे टी-20 वर्ल्ड कप में खास बात यही रही कि हमारे गेंदबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ विरोधी टीमों को धवस्त किया। अपने धैर्य और आत्मविश्वास की बदौलत भारतीय खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका के जबड़ों से जीत को खींच लिया क्रिकेट को अनिश्चितता का खेल कहते हैं, लेकिन यदि धैर्य और आत्मविश्वास आपके भीतर हो तो अनिश्चितता को निश्चितता में बदला जा सकता है। टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप



जीतकर भारतीय खिलाड़ियों ने यही साबित किया है। जिस धौर्य और आत्मविश्वास के साथ पूरे वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा व टीम के खिलाड़ी खेले हैं और अजेय रहे हैं, ये किसी चमत्कार की बदौलत नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास के कारण सफलता मिली है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबला आसान नहीं था। वेस्टइंडीज के बारबडोस में तेज हवाओं के बीच बिल्कुल सपॉट पिच पर 176 रन कोई बड़ा स्कोर नहीं था। फिर टीम इंडिया ने 34 रन पर कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्य कुमार यादव जैसे स्थापित बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए।ऐसे समय में यदि एक-दो विकेट और गिर जाते तो टीम इंडिया को 100 रन पकड़ना मुश्किल होता, लेकिन जिस धैर्य का परिचय विराट कोहली ने दिया और दूसरे छोर से जिस आत्मविश्वास के साथ अक्षर पटेल ने चार छक्के लगाए, उसने एक बड़े स्कोर की नींव रख दी। जब विराट कोहली धीमा खेल रहे थे तो सोशल मीडिया पर कुछ लोग उनको यह कहकर ट्रोल कर रहे थे कि जब टीम को तेजी से रन बनाने की जरूरत है तो विराट कोहली टीम के लिए संकट पैदा कर रहे हैं। विराट कोहली को फाइनल के प्रेशर का अनुभव था और उन्होंने धैर्यवान बने रहना उचित समझा। एक छोर से वो विकेट को पकड़कर खड़े रहे और दूसरे छोर से पहले युवा अक्षर पटेल और उसके बाद शिवम दुबे को शॉट्स खेलने का पूरा मौका दिया। जैसे ही मैच ने 17वें ओवर में प्रवेश किया, विराट कोहली ने अपना विराट रूप दिखाया। तेजी से दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम का स्कोर 160 रन के ऊपर ले गए। सपाट पिच पर दक्षिण अफ्रीका की बैटिंग के आगे 177 रन का टारगेट बहुत बड़ा नहीं था।इस पूरे टी-20 वर्ल्ड कप में खास बात यही रही कि हमारे गेंदबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ विरोधी टीमों को धवस्त किया। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट गिरने के बाद जिस तरह से पहले स्टब्स, उसके बाद क्लासेन और डिकॉक मैच को आगे ले जा रहे थे तो लग रहा था कि टीम इंडिया के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास हिल गया है, लेकिन यहां कप्तान रोहित शर्मा के धैर्य की तारीफ करनी होगी। वो दबाव में नहीं आए। 15 ओवर तक यह साफ लग रहा था कि अब मैच बचेगा नहीं। संभवतः 90 प्रतिशत भारतीय प्रशंसक यह मन भी चुके थे, लेकिन जिस आत्मविश्वास का परिचय हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने दिया, उसकी जितनी तारीफ की जाए, कम है। सूर्य कुमार यादव बल्लेबाजी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकते थे, लेकिन 20वें ओवर की पहली गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर का जो अविश्वसनीय कैच बॉउंड्री पर उन्होंने पकड़ा, उसमें उनका आत्मविश्वास साफ झलका। थर्ड अंपायर ने तो कुछ देर बाद कैच की पुष्टि की, लेकिन जिस जोश और चमक के साथ सूर्य कुमार यादव ने विजय मुद्रा दिखाइए तो साफ हो गया था कि मिलर की वापसी और भारत की जीत लॉक हो चुकी है। अपने धैर्य और आत्मविश्वास की बदौलत भारतीय खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका के जबड़ों से जीत को खींच लिया। 7 रनों से दक्षिण अफ्रीका को मात दी। कुछ-कुछ ऐसा ही टीम इंडिया ने पाकिस्तान के साथ वाले मुकाबले में किया था। जब मात्र 120 रन के टारगेट के बावजूद भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 6 रनों से शिकस्त दी थी। यह नई यंग टीम इंडिया है, जो न तो किसी से डरती है, न पीछे हटती है। अब यंग टीम इंडिया के पास रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ने का मौका है। निश्चित ही हमारे यंग खिलाड़ी इसी धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय देते रहेंगे।

# रॉबर्ट रिचर्डसन दिग्गज फोटोग्राफर


रॉबर्ट रिचर्डसन सामान्य व्यक्ति नहीं हैं। अगर सामान्य होते तो उन्हें



अपनी सिनेमाटोग्राफी के लिए 3 बार ऑस्कर पुरस्कार न मिला होता। सिनेमाटोग्राफर रॉबर्ट रिचर्डसन कैमरा संभालते हैं साथ ही एलैक्ट्रिकल विभाग में भी दखल रखते हैं। जिस व्यक्ति ने ओलिवर स्टोन, मार्टिन स्कॉरसेसि तथा क्वेंटीन टैरन्टीनो जैसे दिग्गज सिने-निर्देशकों के साथ काम किया हो वह सामान्य नहीं हो सकता है। रॉबर्ट रिचर्डसन सामान्य व्यक्ति नहीं हैं। अगर सामान्य होते तो उन्हें अपनी सिनेमाटोग्राफी के लिए 3 बार ऑस्कर पुरस्कार न मिला होता। सिनेमाटोग्राफर रॉबर्ट रिचर्डसन कैमरा संभालते हैं साथ ही एलैक्ट्रिकल विभाग में भी दखल रखते हैं। सवा सौ से ऊपर नामांकन तथा 22 पुरस्कार प्राप्त रॉबर्ट रिचर्डसन ने पढ़ाई की ओसीनोग्राफी की और फिर काम किया फैशन मैगजीन में। कला मुक्त करती है। 27 अगस्त 1955 को अमेरिका में जन्मे रॉबर्ट रिचर्डसन, पुकारो नाम बॉब, खूबसूरत मगर अपने अतीत से परेशान स्त्रियों के प्रति आकर्षित होकर फैशन फोटोग्राफर बने और इन स्त्रियों को उनके अतीत से छुटकारा दिलाने में सहायक हो गए। वे उनको मॉडल बना कर फोटो खींचते और ये फोटो हार्पर बाजार पत्रिका में प्रकाशित होते। उन्होंने जो अपना पहला कैमरा खरीदा था वह बोलेक्स था।दुनिया को लेन्स की नजर से देखने वाले रॉबर्ट ओलिवर स्टोन को अपने बड़े भाई की तरह मानते थे क्योंकि अपने शुरुआती दिनों में उन्होंने इसी निर्देशक के साथ काम किया और सिनेमाटोग्राफी में महारथ हासिल की। उनके अनुसार जब वे ओलिवर से मिले उन्हें उनके आसपास एक जादुई वातावरण का अनुभव हुआ। यह जादुई वातावरण माइंड तथा स्पिरिट दोनों का था। उन्हें लगता था, ओलिवर जादूगर की भांति अपने हैट से कुछ भी निकाल सकते हैं। 1992 में मिला पहला ऑस्कर इसी ओलिवर स्टोन के निर्देशन में बई फिल्म 'जे एफ के' की सिनेमाटोग्राफी के लिए रॉबर्ट को अपना पहला ऑस्कर पुरस्कार 1992 में प्राप्त हुआ। ओलिवर स्टोन के साथ रॉबर्ट ने 11 फिल्मों की सिनेमाटोग्राफी की। रॉबर्ट रिचर्डसन के पास हजारों की संख्या में डीवीडी थी, वे निरंतर फिल्म देखते थे, सिनेमा के प्रति रॉबर्ट का जुनून इसी से समझा जा सकता है। उनके सहयोगी क्रिस सेन्ट्रेला के अनुसार बॉब मात्र शॉट केलिए शॉट नहीं लेते हैं, उनका प्रत्येक शॉट 100 प्रतिशत होता है, भले ही यह 36 फ्रेम्स क्यों न हो। क्रिस के साथ रॉबर्ट ने 30 साल काम किया। क्रिस ने ही उन्हें पहले-पहल डॉरेक्टर ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़ी की जिम्मेदारी दी थी। क्रिस के अनुसार बॉब के पास असीमित ऊर्जा एवं आश्चर्यजनक सहनशक्ति है। चेक मूल की पुरस्कृत सिने-निर्देशक-सिनेमाटोग्राफ़र जेना होडोवा रॉबर्ट रिचर्डसन पर फीचर लेंथ की डॉक्यूमेंट्री बना रही हैं, साथ ही उन पर एक किताब भी लिख रही हैं। जब रॉबर्ट रिचर्डसन ने मार्टिन स्कॉरसेसि के साथ काम प्रारंभ किया तो उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरु हुआ। मार्टिन फ्रेडी फ्रैंसिस को लेना तय कर चुके थे, क्योंकि उन्हें लगा कि जो हार्ड लाइट्स और डीप कॉन्ट्रास्ट वे चाह रहे हैं वह फ्रेडी की कर सकता है। लेकिन चार साल के बाद उन्होंने रॉबर्ट को अपनी फ़िल्म 'कैसिनो' केलिए लिया। इस सिने-त्रयी ('मीन स्ट्रीट' तथा 'गुडफेलाज' त्रयी की अन्य दो फिल्में हैं) की फिल्म 'केसिनो' का काम आसन न था। इसका कैनवास बहुअत विशाल था, 289 से अधिक दृश्य थे छः सप्ताह कैसिनो के भीतर शूटिंग होनी थी। इस फिल्म के साथ मार्टिन और रॉबर्ट की जोड़ी जम गई दोनों ने मिल कर सात फिल्में कर डालीं। जिसमें 5 ऑस्कर प्राप्त 'ह्युगो' जैसी अद्भुत फिल्म भी शामिल है। जिस फिल्म की गजब की सिनेमाटोग्राफी के लिए रॉबर्ट को ऑस्कर मिला।अगर आपने 'ह्युगो' (2012) फिल्म देखी है और आप सिनेमाटोग्राफी का क-ख-ग नहीं जानते हैं फिर भी आप चकित हुए बिना नहीं रह सकते हैं। शुरुआत में पेनोरमिक फ़ोटोग्राफी में पूरे पेरिस और पेरिस के सेंट्रल रेलवे स्टेशन को समेटना, फिल्म के सारे पात्रों से परिचित कराते हुए फिल्म की थीम थमा देना कुशल सिनेमाटोग्राफी का नायाब नमूना है। स्टेशन के क्लॉक टॉवर के भीतर की जटिल फोटोग्राफी, पात्रों के क्लोजअप्स, स्टेशन की भीड़, उसकी हलचल का दृश्यांकन दर्शक को आह्लाद से भर देता है। यह निर्देशक और सिनेमाटोग्राफर से डिजिटल का पहला परिचय था। 'मैं अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के मिश्रण में विश्वास करता हूं।' कहने वाले रॉबर्ट रिचर्डसन को उनका तीसरा ऑस्कर भी मार्टिन स्कॉरसेसि की फिल्म 'दि एविएटर' (2005) की सिनेमाटोग्राफी के लिए मिला। 'ह्युगो' तथा 'दि एविएटर' दोनों फिल्में अपनी उच्च कोटि की टेक्निकल कुशलता के लिए जानी जाती हैं। बॉब सदा नई तकनीक के लिए तैयार रहते हैं। वे निरंतर परिवर्तित होती सिने-संसार के साथ कदमताल करने को तत्पर रहते हैं। वे लाइटिंग, डिजिटल, लेन्स के मामले में नवीनतम प्रयोग करते हैं। क्वेंटीन टैरन्टीनो के साथ उन्होंने छः फिल्में की हैं जिसमें से 'इनग्लोरियस बास्टड्र्स' डेन्गो अनचेन्ड' तथा 'द हेटफुल एट' केलिए उन्हें ऑस्कर नामांकन मिला। यहां उन्होंने रिवाज समाप्त हो चुके अल्ट्रा पैनविजन लेंस का प्रयोग किया। वे वास्ट लैंडस्कोप्स, क्लोजअप्स, इन्सट्र्स आदि का उपयोग करते हैं।क्वेंटीन टैरन्टीनो के साथ उन्होंने 2002 में फिल्म 'किल बिलः भाग 1' के लिए काम शुरु किया था। यह एक लंबी यात्रा थी 155 दिन चले फिल्मांकन ने निर्देशक एवं सिनेमाटोग्राफर को करीब ला दिया, दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगे। कहा जाता है रॉबर्ट इस फिल्मांकन द्वारा एक्शन फिल्मों को अपना सम्मान देना चाहते हैं। इसमें कुंग फू, समुराई तलवारबाजी, श्वेत-श्याम के साथ और बहुत कुछ है। दोनों ने मिल कर एक लम्बी सफल पारी खेली है। एरोल मोरिस ने उनके साथ तीन डॉक्यूमेट्री और कई कमर्सियल बनाए हैं। मोरिस का कहना है, वे कई बार फोटोग्राफी डॉयरेक्टर को दो ग्रेड देते हैं, ऑपरेटिंग केलिए ए ग्रेड और लाइटिंग के लिए ए ग्रेड मगर वे बॉब को दोनों केलिए ए ‡ देते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कुछ समय तक थियेटर मैनेजर का काम करने वाले ऐसे असाधारण सिनेमाटोग्राफ़र रॉबर्ट रिचर्डसन को अमेरिकन सोसायटी ऑफ सिनेमाटोग्राफ़र्स ने 2019 में लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया। इसके पहले ऑस्ट्रेलियन सिनेमाटोग्राफर्स सोसायटी ने उन्हें 2010 में 'इनग्लोरियस बास्टड्र्स' के लिए इंटरनेशनल अवॉर्ड दिया था।

# चांदी के दाम ऑल टाइम हाई, फिर भी बढ़ रही है मांग

बीते कुछ महीनों में गर्मी की तरह ही चांदी ने भी सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह 92,873 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई और भारत में ऑलटाइम हाई का रिकॉर्ड बना दिया। माना जा रहा है कि अगले



कुछ महीनों में बुलियन बाजार में चांदी की इसी तरह से चांदी चलती रहेगी। वैसे बीते चार दशकों के दौरान इसके दाम 26 गुना से भी ज्यादा बढ़ चुके हैं।गौरतलब है कि उद्योगों-खासकर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियों, सोलर पावर के सोलर पैनल्स और 5-जी टेक्नोलॉजी में चांदी की खपत ज्यादा हो रही है। इससे चांदी की सालाना मांग में सात से आठ फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। इस तरह मांग बढ़ने से इसकी कीमतें भी बढ़ रही हैं। मांग की तुलना में चांदी की खनन गतिविधियां लगभग स्थिर हैं, बल्कि इसमें आंशिक गिरावट भी आई है। 2015 में जहां चांदी का वैश्विक खनन 89.7 करोड़ आउंस (एक आउंस यानी 28.34 ग्राम के बराबर) हुआ था। वहीं, 2023 में यह गिरकर 82.4 करोड़ आउंस रह गया। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अब कई लोग, खासकर माध्यम वर्ग आभूषणों के लिए चांदी की तरफ देख रहे हैं। वस्तुतः पिछले दो दशक में उद्योगों और प्रौद्योगिकी में चांदी की उपयोगिता बढ़ी है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी' की हालिया रिपोर्ट कहती है कि पिछले एक साल में सोलर पावर में इस्तेमाल होने वाले फोटोवोल्टेइक पैनल्स में निवेश एक साल पहले की तुलना में दोगुना होकर 80 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। फोटोवोल्टेइक पैनल्स में चांदी का काफी इस्तेमाल होता है। साल 2024 में ही चांदी की वैश्विक मांग में 1.2 अरब आउंस की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लिहाजा, चांदी की कीमतों के भी लगातार ऊंचे होते चले जाने की संभावना है। दरअसल, चांदी दुनिया की सबसे बढ़िया सुचालक धातु है। इसलिए सोलर पैनल्स पर चांदी का पेस्ट किया जाता है। जब सूरज का प्रकाश उसके पैनल्स पर गिरता (स्ट्राइक) है, तब सिलिकॉन के इलेक्ट्रॉन मुक्त होते हैं और चांदी विद्युत को तुरंत गतिशील कर देती है। आज भी सिनेमा को सिल्वर स्क्रीन कहकर संबोधित किया जाता है। दरअसल सिनेमा की शुरुआत में फिल्में प्रोजेक्टर के जरिये दिखाई जाती थीं। इसके लिए जिस परदे पर तस्वीर प्रोजेक्ट की जानी होती थी, उसका चमकदार होना जरूरी था, ताकि परावर्तन (रिफ्लेक्शन) बढ़ने से तस्वीरों की गुणवत्ता बढ़ सके। परदे को ज्यादा चमकदार बनाने के लिए तब स्क्रीन को 'मैटेलिक सिल्वर' से 'कोट' किया जाता था। उसी से यह शब्द उत्पन्न हुआ और आज भी अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल, चांदी सबसे ज्यादा सूर्य की किरणों को परावर्तित करने वाली धातु है। भारत में चांदी का 50.7 प्रतिशत इस्तेमाल उद्योगों में, 17.8 प्रतिशत आभूषणों में, 24.5 प्रतिशत कॉइन्स-बार्स निवेश में, 2.8 प्रतिशत फोटोग्राफी में और 4.2 प्रतिशत चांदी के बर्तनों में उपयोग किया जाता है। चार मई, 1989 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने शुक्र ग्रह की सतह की 'मैपिंग' के लिए 'मैगलेन' स्पेस क्राफ्ट लॉन्च किया था। चूंकि चांदी में प्रकाश की किरणों को परावर्तित करने की क्षमता सबसे ज्यादा होती है। इसके मद्देनजर इसे घातक सौर विकिरण से बचाने के लिए इस पर 'सिल्वर कोटेड क्वाटर्स टाइल्स' लगाई गई थीं। इसके बाद से सभी स्पेस क्राफ्ट के ऊपर सिल्वर की कोटिंग की जाने लगी है। इससे स्पेस क्राफ्ट के तापमान को कम करने में मदद मिलती है। दुनिया में छोटी-बड़ी मिलाकर कुल 757 सक्रिय चांदी की खदानें हैं। इनमें से भारत में केवल छह हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, चांदी के उत्पादन में सबसे ऊपर मेक्सिको है, जो कि 6,400 टन चांदी का उत्पादन करता है, जो कुल वैश्विक चांदी उत्पादन का 21 फीसदी है। इसके बाद क्रमशः चीन, पेरू, चिली और फिर पोलैंड का स्थान आता है। चीन चांदी का सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। यह कुल उत्पादित चांदी का 18 प्रतिशत हिस्सा इस्तेमाल करता है। तो वहीं 'इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सबसे ज्यादा 43 टन चांदी का उत्पादन राजस्थान करता है। इसके बाद 11 टन आंध्र प्रदेश, छह टन तेलंगाना, पांच टन हरियाणा और चार टन का उत्पादन झारखंड करता है।

# सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**

**नोएडा ।** अंकुर साहित्य परिवार द्वारा रविवार को सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन नोएडा सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित, सचिन अंबावत, अध्यक्ष, भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ, नोएडा महानगर ने सभी प्रतिभागी साहित्यकारों को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा पांच पुस्तकों आजादी के दीवाने (धर्मपाल गांधी) बेपनाह इश्क गजल संग्रह( चंद्र स्वरुप बिसरिया) हसरतें बेशुमार गजल संग्रह (सुनीता सोनू) भावांजलि दशम (साझा काव्य संग्रह) एक अंजुरी नेह (साझा काव्य संग्रह) का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त शीघ्र आने वाली पुस्तक बज्म ए हिंद के कवर पेज का विमोचन भी संपन्न हुआ। दिल्ली के वरिष्ठ गजलकार चंद्र स्वरूप बिसरिया को अंकुर विभूति सम्मान, धर्मपाल गांधी को अंकुर इतिहास विभूति सम्मान, लुधियाना की सुनीता सोनू को अंकुर काव्य विभूति सम्मान तथा अंकुर पत्रकारिता, साहित्य उत्कृष्ट सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। बिहार के कन्हैया प्रसाद केशरी तथा लखनऊ के राजेश मेहरोत्रा को अंकुर साहित्य उत्कृष्ट सम्मान से मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। उत्तराखंड की अनीता जोशी को महिला काव्य श्रेष्ठ सम्मान तथा राजीव भारती को पुरुष काव्य श्रेष्ठ सम्मान एवं गाज़ियाबाद के डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर को साहित्य विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी एवं टीम द्वारा वर्तमान अंकुर के मुख्य संपादक निर्मेष त्यागी वत्स को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। अंकुर काव्य सारथी सम्मान से चंद्र स्वरूप बिसरिया, कुंतल शर्मा रतूड़ी, आरती शर्मा, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, पूरन भंडारी, कन्हैया प्रसाद केशरी, अनूप मिश्र, राजेश मेहरोत्रा, कविराज शर्मा, राजीव भारती, अनीता जोशी, मनीष जैन मौजी, प्रेरणा गर्ग, रमेश चंद्र पाटोदिया, एसीपी जितेंद्र सिंह, ऋतु दुग्गल, राज शर्मा, विमल सागर एवं सरिता सिंह को नवाजा गया। अंकुर काव्य रत्न सम्मान से कन्हैया प्रसाद केशरी, राजीव भारती, रश्मिलता मिश्र, अविनाश व्यौहर, पूरन भंडारी, अनीता जोशी, आरती शर्मा,चंद्र स्वरूप बिसरिया, डॉ राम कुमार मिश्र सहित 22 साहित्यकार सम्मानित किए गए। उक्त अवसर पर आयोजित काव्य पाठ में ऋतु दुग्गल ने रूठूं तो कभी मना सजना..सुनाया तो रचना जैन ने सरिता सिंह की ओर से उनकी कविता एक किस्सा इस दरो-दिगार से निकला सुनाकर श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। गजलकार चंद्र स्वरूप बिसारिया ने लिए दिल में एक मुहब्बत की अर्जी दर पर आए




हैं सुनाया तो बिमल सागर ने जिंदगी में बदल जाते हैं किरदार सारे एवं पूछते हैं कहां मुकाम मेरा श्रोताओं के सामने प्रस्तुत किया तो कुंतल शर्मा रतूड़ी ने दुर्योधन ने ही न मानी सुनाकर महाभारत की शिक्षा दी। एसीपी जितेंद्र कुमार ने अपनी गीत कोई मुझे बाहों में भरकर कह दे,कोई मेरा चेहरा ढक दे रातों में जुल्फें बिखराकरङ्ग गाया तो श्रोताओं ने तालियों से अभिवादन किया। सूरत से पधारी आरती शर्मा ने श्याम मथुरा में हैं जा बुलाए कोई, कितनी पीड़ा में हूं जा बताए कोई।। तथा थामा जो मेरा हाथ है अब छोड़िएगा नाङ्ग जाकर खूब तालियां बटोरीं। अनीता जोशी ने हो जिगर के पास मेरे तुम कभी न रूठना सुनाया तो यादवेंद्र आर्य ने इस कदर प्रतिकूल हैं हालात अपने, मूढ़तावश पाप हमसे हो गए.. सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। राजीव भारती ने अपनी गजल चलो आज ताजमहल का दीदार करते हैं, मोहब्बत का फिर से हम इकरार करते हैं सुनाया तो राजेश मेहरोत्रा ने भी माहौल को और खुशनुमा बनाते हुए ङ्खअपने चेहरे को मुस्कराने की इजाजत दे दोङ्ग तथा ङ्खमेरे मौला हर एक गम से मुझे ऐसे बारी कर दे, किसी मासूम से बच्चे जैसी जिंदगी कर देङ्ग प्रस्तुत की। अनूप मिश्र देवप्रयागी ने ङ्खमेरे गांव में भी अब सड़क बन गयी है, टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडी अब टूट गयी है, हर खेत खलिहान शायद बिक रहा है, क्योंकि मेरा गांव भी अब शहर बन रहा हैङ्ग ने प्रस्तुति कर गांव से शहर तक का सफर कराया। संचालनकर्ता रोहित मिश्र जी की रचना ङ्खहे जगत को जीतने वाले विजेता, हार के मन को जरा आराम दे दोङ्ग तथा चुप रहे वो द्रौपदी अपमान पर जो है यही कारण कि वो शय्या पर सोएङ्ग की खूब सराहना हुई। पूरन भंडारी ने अपनी कविता ख्वाहिशों ने अभी कहां दम तोड़ा है सुनाया तो डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने ङ्खन रंग न रुप पनपता है अजीब, नफरत का बीज है ही अजीबङ्ग सुनाया। कन्हैया प्रसाद केशरी ने पर्यावरण को लक्ष्य करके लिखी कविता ङ्खछोड़ो यार शहर, आओ चलें गांव, बैठेंगे चैन से,बरगद के छांवङ्ग सुनाई तो मनीष जैन मौजी ने एक नज़्म- ङ्खआप मुल्जिम, गवाह भी, और मुर्शीद भी आप ही हैंङ्ग सुनाया तो कुछ अन्य सम्मानित रचनाकारों ने भी अपनी एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाकर काव्य सरिता को मुकाम तक पहुंचाया। मुख्य अतिथि सचिन अंबावत एवं विशिष्ट अतिथि पंडित विजय मिश्रा को मुख्य संपादक निर्मेष त्यागी वत्स द्वारा अंकुर साहित्य परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त विशाल कार्यक्रम के संयोजन में अंकुर परिवार के मुख्य आयोजक निर्मेश त्यागी वत्स, संयोजक सुनीता सोनू, आयोजक, मनीष जैन एवं रचना जैन रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित मिश्र, यादवेन्द्र आर्य एवं राजदीप सिंह ने करके श्रोताओं को बांधे रखा।


# बॉलीवुड/टेली मसाला


कल्कि 2898 एडी के सेकंड पार्ट के लिए करना होगा इतने साल और इंतजार प्रभास से ज्यादा होगा इस एक्टर का रोल

## वड़ा पाव गर्ल की बेइज्जती करने पर भड़के अनिल कपूर, इस कंटेस्टेंट की लगा दी क्लास

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 की शुरुआत काफी धमाकेदार तरीके से हुई है। अनिल भी शो में खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। पहले वीकेंड का वार काफी तीखा रहा, जहां शो से अरमान मलिक की पहली पत्नी पायल एलिमिनेट बॉस अब किस तरह के कंटेस्टेंट लेकर आ रहे हैं। उनके इस वीडियो को शो में खास मेहमान बनकर आए रफ्तार ने प्ले करवाया था।





कपूर की मेजबानी में ये शो अपना पहला हफ्ता पूरा कर चुका है। इस सीजन में कई दिलचस्प कंटेस्टेंट देखने को मिल रहे हैं। पहले वीकेंड के वार कई घरवालों के लिए यादगार रहने वाला है क्योंकि शो के मेजबान अनिल कपूर ने जहां रणवीर शौरी और दीपिका चौरसिया जैसे कंटेस्टेंट की तारीफ की तो वहीं कुछ कंटेस्टेंट ऐसे रहे जिसकी वजह क्लास लगाने से बिल्कुल भी पीछे नहीं रहे। पहले ही हफ्ते में चंद्रिका गेरा दीक्षित को सपोर्ट करते हुए अनिल कपूर ने इस कंटेस्टेंट को खूब डांट लगाई। अरमान मलिक ने जहां दोनों पत्नियों पायल- कृतिका के साथ शो में एंट्री ली, तो वहीं दूसरी तरफ वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका और शिवानी कुमारी जैसे कंटेस्टेंट हो गयीं, तो वहीं दूसरी तरफ अनिल कपूर सलमान खान से भी ज्यादा स्ट्रिक्ट मेजबान बने दिखाई दिए। झकास एक्टर ने पहले हफ्ते में ही घर के एक कंटेस्टेंट को आड़े हाथ लिया। शनिवार के एपिसोड में अनिल कपूर ने सना मकबूल से लेकर लवकेश कटारिया और विशाल को खूब सुनाया, तो वहीं रविवार के एपिसोड में 'मिस्टर इंडिया' ने निशाने पर सिर्फ एक कंटेस्टेंट आया। बिग बॉस ओटीटी 3 के रविवार के एपिसोड में अनिल कपूर ने एक्ट्रेस पौलोमी दास पर उनके स्टेटमेंट के लिए नाराजगी व्यक्त की। दरअसल, 'नागिन' एक्ट्रेस ने बिग बॉस में आने से पहले वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित के शो में हिस्सा लेने पर रिएक्ट किया था। उन्होंने कहा था कि बिग चंद्रिका ने तो इस वीडियो पर कोई रिएक्ट नहीं किया, लेकिन अनिल कपूर ने पौलोमी को काफी सुनाया। इस बात को सुनने के बाद अनिल कपूर के सामने पौलोमी ने खुद को डिफेंड करने की बहुत कोशिश की, लेकिन उन्होंने एक्ट्रेस की एक नहीं सुनी। इसके बाद अनिल कपूर ने घर में विशाल और लवकेश कटारिया के बीच एक कचरा ओपिनियन टास्क करवाया, जिसमें सभी घरवालों को ये बताना था कि उनके हिसाब से दोनों में से कौन है, जिसकी ओपिनियन फालतू होती हैं। जब अनिल कपूर ने पौलोमी को एक्टिविटी एरिया में बुलाया और उनसे से एक का नाम लेने के लिए कहा, तो उन्होंने टास्क करने से साफ इनकार कर दिया।

## बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 से बेघर होते ही पायल मलिक ने खोली एलिमिनेशन की पोल


**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक हफ्ते के अंदर शो में दो एलिमिनेशन हो चुके है। सबसे पहले नीरज गोयत और अब पायल मलिक बिग बॉस ओटीटी 3 से बाहर हो गई हैं। वहीं, एविक्शन के बाद उन्होंने अपना पहला वीडियो शेयर किया है, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वो वोटिंग की वजह से बाहर नहीं हुई हैं। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 से बाहर होने के बाद पायल मलिक ने सपोर्ट के लिए अपने फैंस को शुक्रिया कहा है और अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में



उन्होंने कहा कि बिग बॉस के घर में उन्होंने अपना बेस्ट दिया लेकिन वो बाहर हो गईं। हालांकि वोट्स के आधार पर उनका एलिमिनेशन नहीं हुआ है। पायल मलिक ने बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में पति अरमान मलिक और उनकी दूसरी पत्नी कृतिका मलिक के साथ एंट्री की थी। चंद दिनों में पायल ने फैंस को अपनी रियल पर्सनैलिटी के साथ कायल कर लिया। बिग बॉस ओटीटी 3 से जैसे ही पायल मलिक के एलिमिनेट होने की खबर सामने आई उनके फैंस निराश हो गए। यहां तक कि कई फैंस ने मेकर्स पर भेदभाव और नाइंसाफी करने का भी इल्जाम लगाया। वहीं, अब पायल मलिक ने बिग बॉस ओटीटी 3 से बाहर आने के बाद अपने पहले वीडियो में एलिमिनेशन को लेकर बात की। पायल मलिक ने वीडियो में कहा, ठआप लोगों का बहुत शुक्रिया आप लोगों ने मुझे बहुत सपोर्ट किया। आप लोगों के पता है कि मैं बाहर आ चुकी हूं बिग बॉस हाउस से, लेकिन इतना प्यार और सपोर्ट देने के लिए बहुत- बहुत शुक्रिया। मुझे पता है मैं वोटिंग की वजह से बाहर नहीं आई हूं, घरवालों की वजह से बाहर आई हूं।उन्होंने आगे कहा, ठकुछ घरवालों ने जिन्होंने मुझे नॉमिनेट किया था, उस वजह से मैं बाहर आई हूं। नहीं तो मैं और अच्छा खेल रही थी। जैसी थी मैं वैसी ही दिख रही थी आप लोगों को। हमेशा ऐसे ही मेरा साथ देते रहना।ठ पायल मलिक ने एक पोल भी चलाया, जिसे उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी में भी शेयर किया। उन्होंने अपने फैंस से पूछा, ठ आप लोगों को क्या लगता है।

## एक्शन से भरपूर है गुरमीत चौधरी की सीरीज का ट्रेलर

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरीज में टीवी के फेमस एक्टर गुरमीत चौधरी और इकबाल खान लीड रोल में शामिल हैं, जो एक दूसरे के खिलाफ लड़ते हुए भारत की रक्षा करने के



मिशन पर हैं। 'कमांडर करण सक्सेना' की कहानी आतंकवाद से देश की रक्षा से हैं। सीरीज में भारत पर हुए कुछ आतंकवादी हमलों को भी दिखाया गया है। गुरमीत चौधरी टीवी जगत के जाने- माने एक्टर हैं। उनकी एक्टिंग स्किल्स से फैन पहले ही वाकिफ हैं। अब एक्टर अपना नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। शुक्रवार को उनकी आगामी सीरीज कमांडर करण सक्सेना का ट्रेलर रिलीज किया गया है जिसमें वो रॉ एजेंट के किरजार में धूम मचा रहे हैं। उनके साथ सीरीज में इकबाल खान भी अहम भूमिका में हैं। 'कमांडर करण सक्सेना' के ट्रेलर में गुरमीत और इकबाल के बीच के संघर्ष को बड़े ही रोमांचक और थ्रिलिंग तरीके से दिखाया गया है। ट्रेलर में दमदार डायलॉग्स, धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस और शानदार विजुअल इफेक्ट्स देखने को मिल रहे हैं। 'कमांडर करण सक्सेना' के ट्रेलर की शुरुआत में, गुरमीत चौधरी को करण सक्सेना के रोल में दिखाया जाता है, जो एक बहादुर और निडर कमांडर है। ये कमांडर देशभक्ति के लिए अपनी जान देने को तैयार है। दूसरी ओर इकबाल खान का किरदार एक शातिर दुश्मन का है, जो अपने आतंकवादी मकसद से भारत को नुकसान पहुंचाने की फिराक में है। 'कमांडर करण सक्सेना' की कहानी एक ऐसे भारतीय कमांडर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने देश को आतंकवादियों से बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। उसकी राह में आने वाली सभी चुनौतियों और मुश्किलों का सामना करते हुए, वो अपने मिशन को सफल बनाने की कसम खाता है। वहीं, इकबाल खान आईएसआई चीफ नसीर के किरदार में हैं और उसे भी अपने मिशन को पूरा करने की जिद है। गुरमीत चौधरी और इकबाल खान के अलावा 'कमांडर करण सक्सेना' में कुछ और बेहतरीन कलाकार भी हैं, जो महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें एक्ट्रेस हरुता दुर्गुले का नाम भी शामिल है। निर्देशन की जिम्मेदारी अनुभवी निर्देशक जतिन वांगले ने संभाली है। 'कमांडर करण सक्सेना' 8 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। जिसे मोबाइल एप पर फ्री में देखा जा सकता है। सोमवार से लेकर शुक्रवार तक सीरीज के एपिसोड रिलीज किए जाएंगे।

## मुनव्वर फारूकी ने बीवी महजबीन कोटवाला संग पहली फोटो की शेयर

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** स्टैंड-अप कॉमेडियन और बिग बॉस सीजन 17 के विनर मुनव्वर फारूकी ने मई में अचानक



दूसरा निकाह करके हर किसी को हैरान कर दिया था। उन्होंने अपने निकाह की खबर कानों-कान किसी को नहीं पड़ने दी थी। बाद में रिसेप्शन हुआ और उसके बाद लोगों को भनक पड़ी। ने मई के महीने में महजबीन कोटवाला के साथ दूसरा निकाह किया था। शादी के एक महीने के बाद मुनव्वर ने अपनी दूसरी बीवी के साथ पहली फोटो शेयर की है जिसे देख फैंस खुशी से गदगद हो गये हैं। टेली वर्ल्ड के सेलेब्स भी मुनव्वर को मैरिड क्लब में शामिल होने की बधाई दे रहे हैं। शादी के एक महीने बाद भी मुनव्वर फारूकी ने महजबीन कोटवाला के साथ अपनी शादी को ऑफिशियल नहीं किया था और ना ही उन्होंने बीवी संग कोई फोटो शेयर की थी। अब आखिरकार मुनव्वर ने अपनी बीवी महजबीन के साथ पहली तस्वीर शेयर की है जिसे देख उनके चाहने वाले खुश हो गये हैं। मुनव्वर फारूकी इन दिनों अपनी बीवी महजबीन के साथ दुबई में हैं। वहां उनका लाइव शो था। कॉमेडियन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दुबई से ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह घूमते, लाइव शो करते और मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। मगर एक तस्वीर ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ये फोटो कॉमेडियन और उनकी पत्नी की है। फोटो में मुनव्वर फारूकी अपनी बीवी महजबीन कोटवाला के साथ छत पर खड़े होकर पोज दे रहे हैं और इस दौरान उन्होंने कैमरे की ओर पीठ किया है। मुनव्वर ब्लैक टीशर्ट, डेनिम जींस और ब्लू कैप में नजर आ रहे हैं।

## कल्कि 2898 एडी के सेकंड पार्ट के लिए करना होगा इतने साल और इंतजार प्रभास से ज्यादा होगा इस एक्टर का रोल

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।**प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस साई-फाई फिल्म्स को दर्शक दिल खोलकर प्यार दे रहे हैं। ने इस वक्त बॉक्स ऑफिस और ऑडियंस के दिलों पर कब्जा किया हुआ है। प्रभास दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म ने चंद दिनों के अंदर ही



इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। अब हाल ही में फिल्म के डायरेक्टर नाग अश्विन ने इसके सेकंड पार्ट को लेकर भी खुलासा किया। फिल्म का हर किरदार ऑडियंस को काफी पसंद आ रहा है। पहले ही दिन शानदार कमाई करने वाली कल्कि 2898 एडी रिलीज के चौथे दिन ही दुनियाभर में 500 करोड़ के बेहद नजदीक पहुंच चुकी है। इस फिल्म की कहानी को देखने के बाद अब फैंस सुपरस्टार प्रभास और अमिताभ बच्चन की फिल्म के सेकंड पार्ट का बड़ी ही बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, सेकंड पार्ट के लिए ऑडियंस को एक लंबा इंतजार करना पड़ेगा। मेकर्स ये तो पहले ही बता चुके हैं कि प्रभास-दीपिका और अमिताभ बच्चन स्टारर इस फिल्म का सेकंड पार्ट आएगा, लेकिन कब इसका खुलासा मेकर्स ने नहीं किया था। अब कल्कि-2898 एडी की रिलीज के बाद डायरेक्टर नाग अश्विन ने बातों ही बातों में प्रभास और दीपिका के फैंस को ये बता दिया कि कल्कि का सेकंड पार्ट कब रिलीज होगा।हिंदुस्तान टाइम्स में छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाग अश्विन ने लाइव चैट के दौरान फैंस को बताया कि ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि-2898 एडी' के सेकंड पार्ट को सिनेमाघरों में रिलीज होने में अभी तीन साल लगेंगे।

## फर्स्ट मंथ वेडिंग एनिवर्सरी पर वाइफ संग रोमांटिक हुए मुनव्वर फारूकी किस करते नजर आया ये कपल

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के विनर और स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने बीते महीने गुपचुप दूसरा इन दिनों ये कपल दुबई में है और अपना हनीमून एन्जॉय कर रहा है। साथ ही साथ इस कपल ने अपनी फर्स्ट मंथ वेडिंग एनिवर्सरी भी करते हैं। इसके बाद वो मेहजबीन संग अलग-अलग अंदाज में पोज भी देते हैं। टाइम्स नाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, महजबीन और



निकाह किया था। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट महजबीन कोटवाला शादी की, जिसकी खबर कानों-कान किसी को न होने दी। हालांकि, कुछ समय के बाद सोशल मीडिया पर इस कपल की शादी का सच सामने आया। मुनव्वर फारूकी और महजबीन कोटवाला बीते महीने शादी के बंधन में बंध चुके हैं। शादी के एक महीने बाद इस कपल की वीडियो और फोटोज एक साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मुनव्वर और महजबीन दोनों की ही ये दूसरा निकाह है और दोनों की पहली शादी से एक-एक बच्चे हैं। एक्ट्रेस हिना खान ने इस कपल की मुलाकात करवाई थी। सेलिब्रेट की, जिसकी एक झलक महजबीन ने 26 जून को इंस्टा स्टोरी पर शेयर की थी। वहीं अब मुनव्वर फारूकी पहली बार कैमरे के सामने पत्नी को किस करते नजर आ रहे हैं और ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है। शादी के करीब एक महीने बाद मुनव्वर फारूकी और महजबीन कोटवाला का सोशल मीडिया पर एक साथ वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दोनों के चेहरे साफ-साफ नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा रहा है कि मुनव्वर और मेहजबीन डिनर डेट पर नजर आ रहे हैं। मुनव्वर अपनी पत्नी को पहले केक खिलाते हैं और फिर उनके गाल पर किस मुनव्वर की मुलाकात एक्ट्रेस हिना खान ने करवाई थी। हिना और मुनव्वर म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे थे, तब एक इवेंट में मुनव्वर के मेकअप के लिए हिना ने महजबीन को भेजा था। जहां दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। बता दें, मुनव्वर और महजबीन दोनों की ही ये दूसरा निकाह है और दोनों की पहली शादी से एक-एक बच्चे हैं।मुनव्वर की पहली शादी जैस्मिन नाम की लड़की से साल 2017 में हुई थी। हालांकि, उनकी शादी ज्यादा समय तक नहीं टिक पाई और 2022 में तलाक हो गया। वहीं, महजबीन की पहली शादी से एक बेटी है।

## राशि फल



आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा।

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे।

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

आज आपका दिन सफल रहेगा। नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी।

महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज के दिन अत्यधिक भागदौड़ के कारण शारीरिक दृष्टि से आप परेशान होंगे। साथ ही मौसम के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य की दृष्टि से आपके लिए ठीक नहीं रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसन्न रहेगा।

पत्नी व बच्चे आपके साथ आज कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। व्यापार में लाभ होगा, कोई नया वाहन या मकान आदि खरीदने की योजनाबन सकती है।

## टी20 वर्ल्डकप की जीत के बाद अनुष्का शर्मा पर प्यार लुटाते दिखे विराट कोहली

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**
**नई दिल्ली।** इस वक्त भारत में टी20 वर्ल्डकप जीता का जश्न मनाया जा रहा है, पूरा देश खुशी से झूम रहा है। शनिवार रात को इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के बीच बारबाडोस में मैच खेला गया था। इस मैच में भारत ने 7 रनों से जीत हासिल की। विश्व कप 2024 जीतने के बाद विराट कोहली (ड्डूख्दप्त्) ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए एक हार्दिक तस्वीर साझा की । अपनी टीम इंडिया द्वारा टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने के एक दिन बाद विराट ने अनुष्का को वह श्रेय देना सुनिश्चित किया जिसकी वह हमेशा उनके साथ रहने के लिए हकदार हैं । ऐसे में हर किसी की आंखों में खुशी के आंसू देखने को मिल रहे हैं। इस जीत के बाद विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का को वीडियो कॉल किया था। वहीं अब उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है और अपनी वाइफ पर खूब प्यार भी बरसाया है।




# कैप्टन विजयंत थापर के 25वे शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**

**नोएडा।** सेक्टर 33 स्थित नोएडा हाट में एक्टिव एनजीओ ग्रुप, आई टी ई ग्रुप, और नवरत्न फाउंडेशन के द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए नोएडा के लाल और वीर चक्र प्राप्त कैप्टन विजयंत थापर के 25वें शहादत दिवस के अवसर पर शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे नोएडा के सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों, नोएडावासियों, पूर्व सैनिकों और समाज के प्रमुख लोगो ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के आयोजक अशोक श्रीवास्तव ने बताया की शौर्य दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य शोक मनाना नहीं बल्कि हमारे वीर शहीद की शहादत को याद करके अपनी और आने वाली पीढ़ी को गौरवान्वित कराना है और हमारे वीर शहीद के परिवार को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने परिवार का अंग हमारे भविष्य के लिए खोया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद कैप्टेन विजयंत थापर की माता तृप्ता थापर और पिता कर्नल



वीएन थापर और उनके परिवार के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों और सामाजिक लोगो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जिसमें कर्नल अमिताभ अमित, मेजर जर्नल सुनील कुमार, ग्रुप कैप्टेन विजय चतुर्वेदी, स्वरलिपि, विजेंद्र अभिनव चतुर्वेदी, प्रांजलि मिश्र,भावना अवस्ती, उत्कर्ष तेजस्वी, विनय सेठिया, सोमेश्वर शर्मा, दीपक नायडू, प्रदीप पल्लवी, दिलीप मिश्रा, और पंकज माथुर ने अपने देश भक्ति गानों से सभी को देश भक्ति नारे लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में स्लम बच्चों के स्कूल कला कृति डांस एकेडमी और दिव्यतरंग संस्था के बच्चों ने देश भक्ति गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कर्नल वीएन थापर ने कहा की देश में ऐसे कार्यक्रम की जरूरत है जहां वीर शहीद के परिवार का सम्मान हमेशा हो और हमारी आने वाली युवा पीढ़ी को उनके वीर बलिदानियों की गाथा का पता हो ताकि वह उनसे प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर नोएडा हाट के संचालक मुकेश शर्मा, किरण शर्मा, रंजना चितकारा, नवाब सिंह नागर , एन पी सिंह, योगेंद्र शर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, शैल माथुर, ममता तिवारी, प्रदीप वोहरा, ओपी गोयल, आदित्य गढ़ियाल, अंजना बागी, कमल कोहली, आचार्य अच्छुत्य त्रिपाठी, मान सिंह, मुकुल वाजपेई, आदि मौजूद रहे।

# मोदी 3.0 की पहली मन की बात: 111 वे संस्करण में प्रधानमंत्री ने की योग से लेकर केरल के छातों की बात

**(आधुनिक समाचार नेर्टवक)**

**नोएडा।** नोएडा भाजपा महानगर



द्वारा नोएडा के सभी मंडलों एवं बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 111वें संस्करण को जनप्रतिनिधियों के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने सुना । मन की बात कार्यक्रम का इस बार लोक सभा चुनाव पूर्ण होने के बाद ये पहला संस्कृण था। मन की बात सुनने के लिए आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी भी नोएडा रहे। सेक्टर 108 बूथ संख्या 717 में शहरी विकास मोर्चा उपाध्यक्ष प्रवेश चौहान के घर पर सभी ने मन की बात सुनी। उनके साथ इस मौक़े पर सांसद डॉ महेश शर्मा, ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता भी रहे, महामंत्री उमेश त्यागी, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर रहे। आज पीएम मोदी ने कहा 'मेरे प्यारे साथियों, अगर मैं आपसे पूछूं कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे - माँ, हम सबके जीवन में 'माँ' का दर्जा सबसे ऊंचा होता है. मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं.ङ्ग मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही होगा, धरती मां की भी रक्षा होगी. पीएम नरेंद्र मोदी ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने कल हुए टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को भी ढेरों बधाई। उन्होंने बारिश में एक खास तरह के छातों के बारे में बताया जो केरल में बनाये जाते हैं। उन्होंने योग दिवस के मौक़े पर कहा कि पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है उन्होंने कहा कि हमें योग को केवल एक दिन का अभ्यास नहीं बनाना है । आप नियमित रूप से योग करें । इससे आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलावों को जरूर महसूस करेंगे । मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर ने बताया कि आज मन की बात कार्यक्रम के लिए माननीय प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र दिल्ली में यू पी भवन से नोएडा आए और उसके बाद ग्रेटर नोएडा में एक और कार्यक्रम होते हुए लखनऊ के लिये रवाना हो गये। सभी मंडलों में हुए इस मन की बात कार्यक्रम में सभी प्रदेश, ज़िला कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया जिसमे उमेश त्यागी, डॉं प्रसनजीत मैत्रा, एस पी चमोली, गोपाल गौड़, लोकेश कश्यप, पंकज झा, कल्लू सिंह, डिम्पल आनंद, चमन अवाना, गिरजा सिंह, शारदा चतुर्वेदी, प्रमोद बहल, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।